DAINIK JAGRAN, Panipat, 4.7.2020
Page No. 2, Size:(11.47)cms X (15.90)cms.

# राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग पहुंची सोनाली की शिकायत

**राब्यू, चंडीगढ़ :** थप्पड़-चप्पल कांड में फंसी भाजपा नेत्री सोनाली फौगाट का मामला राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग पहुंच गया है। बहादुरगढ़ के एक गैर सरकारी संगठन मानवाधिकार एक्शन फोरम ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत कर आरोप लगाया कि भाजपा नेत्री फौगाट और मार्केट कमेटी सचिव के बीच बालसमंद मंडी में पांच जून को हुए विवाद में मर्यादा की सारी सीमाएं लांघी गई हैं। सोनाली ने सुल्तान की थप्पड़ और चप्पल से पिटाई की थी।



सोनाली फौगाट। ● जागरण आर्काइव

शिकायत में राजनेता के इस तरह के आचरण और पब्लिक सर्वेंट को सार्वजनिक स्तर पर पीटना उसके मानवाधिकार का उल्लंघन बताया है। मामले की निष्पक्ष जांच करवा कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने शिकायत की जांच के बाद इसे हरियाणा मानवाधिकार आयोग को भेज दिया। हरियाणा मानवाधिकार आयोग के सदस्य दीप भाटिया पर आधारित बेंच ने शिकायत पर सुनवाई करते हुए हिसार के एसपी से जवाब तलब करते हुए कहा कि मामले की जांच कर एक सितंबर तक रिपोर्ट पेश की जाए। मामले में एफआइआर दर्ज होने के बाद आइजी ने एसआइटी का गठन किया। एसआइटी ने जांच पूरी की और सोनाली को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया था।

DAINIK JAGRAN, Lucknow, 4.7.2020
Page No. 4, Size:(14.08)cms X (18.36)cms.

**सेना के जवान का मामला** | **डीएम और कमिश्नर से मांगी चार सप्ताह के भीतर रिपोर्ट**

# मानवाधिकार आयोग ने तलब की रिपोर्ट

**जागरण इंपैक्ट**

**जासं, लखनऊ :** लद्दाख में तैनात सेना के जवान के घर के सामने नाली व खड़ंजा के निर्माण रोके जाने और गांव की गंदगी घर में भरने के मामले में उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग ने नाराजगी जताई है। दैनिक जागरण की खबर का संज्ञान लेकर आयोग के सदस्य न्यायाधीश केपी सिंह ने लखनऊ के डीएम और कमिश्नर को पत्र लिखकर जांच करके चार सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी है।

दरअसल, सेना की 14 डोगरा रेजीमेंट के जवान सिपाही रणधीर सिंह की तैनाती इन दिनों लद्दाख में है। तहसील सरोजनीनगर के थाना बंथरा के बचान खेड़ा गांव में सिपाही रणधीर सिंह का घर है। गांव के दबंगों ने ग्राम प्रधान के पारित आदेश पर हो रहे सरकारी निर्माण को रुकवा दिया। जिस कारण घुटनों तक जमा गंदगी के बीच जवान के परिवार को शौचालय व अन्य कामों के लिए जाना पड़ता है। जवान ने अपनी यूनिट के सीओ से भी डीएम को पत्र भेजा था।

डीएम अभिषेक प्रकाश के आदेश पर लेखपाल सहित राजस्व की टीम गई और बंथरा पुलिस को गांव के लिए नाली और खड़ंजा निर्माण कराने के निर्देश दिए। बंथरा पुलिस ने आरोपियों से मिलकर हीलाहवाली शुरू कर दी। रणधीर सिंह ने मुख्यमंत्री के पोर्टल पर भी शिकायत की। शिकायत दर्ज होने के बाद भी यह सरकारी निर्माण शुरू नहीं हो सका। छुट्टी पर घर आए सिपाही रणधीर सिंह इन दिनों डीएम ऑफिस से थाना तक चक्कर काट रहे हैं।

## भटक रहा लद्दाख में तैनात जवान

जासं, लखनऊ : लद्दाख में तैनात सेना का जांबाज गंदगी में डूब रहे अपने घर को बचाने के लिए भटक रहा है। कभी यह जवान डीएम आफिस के चक्कर काटता है तो कभी मुख्यमंत्री के पोर्टल पर शिकायत करता है, लेकिन दबंगों के आगे उसकी वेदना फीकी पड़ जाती है। आरोप है कि जिस पुलिस को सख्त कार्रवाई करना चाहिए, वह दबंगों के साथ घूमती नजर आती है। जिस कारण पूरे गांव की गंदगी जवान के घर को सराबोर कर रही है।

सेना की 14 डोगरा रेजीमेंट के जवान सिपाही रणधीर सिंह की तैनाती इन दिनों लद्दाख में है। तहसील सरोजनीनगर के थाना बंथरा के बचान खेड़ा गांव में सिपाही रणधीर सिंह का



रणधीर सिंह • जागरण

घर के सामने नहीं होने दे रहे नाली और खड़ंजे का निर्माण, सैनिक के घर तक पहुंचती है गांवभर की गंदगी

वाले दबंगों और गांव का पानी जमा होने लगा था। रणधीर सिंह ने प्रधान और ग्राम सचिव से शिकायत की। इस पर प्रधान ने खड़ंजा और नाली का प्रस्ताव पारित किया। नाली का निर्माण शुरू ही हुआ था कि घर के

विशुन यादव व मनोज यादव ने का रुकवा दिया। रानीखेत में तैनाती के समय छह महीने पहले रणधीर सिं ने अपनी यूनिट के सीओ से डीए को पत्र भेजा। डीएम ने एसडीए सरोजनीनगर को जांच के आदेश दिए मौके पर लेखपाल सहित राजस्व व टीम गई और बंथरा पुलिस को गां के लिए नाली और खड़ंजा निर्मा कराने के निर्देश दिए। बंथरा पुलि ने आरोपियों से मिलकर हीला हवाल शुरू कर दी। रणधीर सिंह ने मुख्यमं के पोर्टल पर भी शिकायत की शिकायत नंबर 4001572002771 दर्ज होने के बाद भी सरकारी निर्मा शुरू नहीं हो सका। अब छुट्टी प घर वापस लौटा सिपाही रणधीर सिं अपनी पत्नी के साथ डीएम आफि

तीन जुलाई को प्रकाशित समाचार

## महिला आयोग ने केजीएमयू कुलपति को लिखा पत्र

**जासं, लखनऊ :** राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष विमला बाथम ने शुक्रवार को दैनिक जागरण में प्रकाशित समाचार दुष्कर्म पीड़िता का नहीं किया ऑपरेशन पर संज्ञान लेते हुए कुलपति केजीएमयू को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने कुलपति से दुष्कर्म पीड़ित बच्ची के ऑपरेशन और इलाज का प्रबंध करने का निर्देश दिया है। साथ ही संस्थान में संचालित समस्त विभागों में कोविड-19 से सर्वोच्च प्राथमिकता पर बचाव सुनिश्चित कराते हुए बालिकाओं व महिलाओं के उपचार और देखरेख के लिए समय-समय पर जारी किए गए निर्देशों का अनुपालन भी सुनिश्चित कराने को कहा है। अध्यक्ष ने प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों और प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को पत्र भेजकर कहा है कि बालिकाओं व महिलाओं को कोविड-19 के मद्देनजर समुचित उपचार के लिए शासन स्तर से दिशा निर्देश जारी कर कार्यवाही की आख्या आयोग को भेजी जाए।